# कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023

फोन नं – 0788–2350125, ई–मेल : **Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in**


क./स्टे.आयु./ /2025/3847 भिलाई, दिनांक 02/05/25

प्रति,

**सर्व विभाग प्रमुख**

.............................................

.............................................

**नगर पालिक निगम, भिलाई**

**विषय :–** **नस्तियों में शासन के निर्देश, नियम, न्यायालयीन पारित आदेश की प्रति में फ्लैग लगाने के संबंध मे जारी आदेश का पालन बाबत्।**

**संदर्भ :–** **कार्यालयीन आदेश कमांक / एफ – 166 / स्टे. आयु. / 2025 / 3771 भिलाई दिनांक 15.04.2025**

– 00 –

उपरोक्त संदर्भित आदेश का अवलोकन किया जाये :–

1. यह कि, नगर पालिक निगम भिलाई के सर्व विभाग प्रमुख को, उपरोक्त संदर्भित आदेश के माध्यम से आदेशित किया गया है कि, अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली नस्तियों में फ्लैग 'झंडी' लगाकर प्रस्तुत किया जाये। जिससे सुगमता से आवश्यक अभिलेख का अवलोकन किया जा सके।

2. इसी प्रकार शासन या अन्य विभाग को प्रेषित की जाने वाली पत्रों में लिपिकीय कर्मचारी द्वारा पत्र में काउंटर हस्ताक्षर (लघु हस्ताक्षर) नहीं किया जाता है। जो कि, कार्यालयीन व्यवस्था के विपरीत है। पत्र में काउंटर हस्ताक्षर (लघु हस्ताक्षर) अनिवार्य रूप से किया जाये एवं नोटशीट में विभाग का नाम/विभाग प्रमुख एवं प्रभारी लिपिक का नाम स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिये। साथ ही नस्ती में नोटशीट व पत्राचार का (Paging) नंबरिग पृथक–पृथक रूप से किया जाये।

3. निर्माण कार्य की नस्तियों में प्रस्तावित कार्य स्थल का जियोटैग फोटोग्राफ कार्य कराने के पहले (Before) एवं कार्य कराने के बाद (After) का फोटोग्राफ आवश्यक रूप से संलग्न किया जाये तथा प्रचलित निर्माण स्थल पर सूचना पटल बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाये। स्थल पर लगाये गये सूचना पटल बोर्ड का भी जियोटैग फोटोग्राफ के साथ नस्ती में संलग्न किया जाये।

अतः सर्व विभाग प्रमुख सर्व जोन आयुक्त, अभियंता उपरोक्त संदर्भित आदेश का पालन सुनिश्चित करें।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

पृ.क्र. / स्टे.आयु. /              / 2025 13848                                    भिलाई, दिनांक 02/05/25

**प्रतिलिपि :–**

1. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियंता I/II, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. जोन आयुक्त, जोन–1,2,3,4 व 5, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. कार्यपालन अभियंता(सर्व), नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. लेखाधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
9. सर्व विभाग प्रमुख / नोडल अधिकारी ..........................................................
   नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
10. अधीक्षक(स्थापना), नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**